प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 01.05.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज एक दिवसीय दौरे पर पहुंची अयोध्या : श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के किये दर्शन, सरयू आरती में भी हुई शामिल।
2. लोकसभा चुनाव के लिये प्रचार अभियान तेज : बदायूं में भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और मैनपुरी में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने जनसभा को किया संबोधित।
3. पांचवें चरण के लिये 3 मई तक भरे जायेंगे नामांकन : फतेहपुर से भाजपा प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति और लखनऊ से सपा प्रत्याशो रविदास मेहरोत्रा ने किया नामांकन।

और

4. छठे चरण के लिये प्रदेश की चौदह सीटों पर नामांकन जारी : सुल्तानपुर से मेनका गांधी, आजमगढ़ से दिनेश लाल निरहुआ और धर्मेन्द यादव ने दाखिल किया पर्चा।

———————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंची और श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर में रामलला का दर्शन पूजन किया। अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अतंर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल ने राष्ट्रपति का

स्वागत किया। एयरपोर्ट से राष्ट्रपति ने हनुमानगढ़ी पहुंचकर प्रार्थना की और शाम का सरयू आरती में भी शामिल हुईं।

भव्य राम मंदिर के निर्माण के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का यह पहला अयोध्या दौरा है। उन्होंने पूरे विधि विधान के साथ सरयू माता की आरती की और आचमन किया। रामलला के दर्शन के बाद राष्ट्रपति कुबेरघाट भी गईं। राष्ट्रपति के कार्यक्रम को देखते हुए हनुमानगढ़ी, रेलवे स्टेशन, राम पथ, नया घाट समेत पूरे अयोध्या में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम रहे।

---

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले और दूसरे चरण के मतदान के बाद अन्य चरणों के लिए सभी राजनीतिक दलों ने चुनाव प्रचार तज कर दिया है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, स्टार प्रचारक और प्रत्याशी लोकसभा क्षेत्रों में जनसभा, रोड शो के माध्यम से लोगों का समर्थन जुटाने में लगे हुए हैं। इसी क्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज बदायूं और फतेहपुर सीकरी में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। श्री सिंह ने कहा कि भारत का मस्तक आज दुनिया में ऊंचा हो रहा है। आज भारत की बात पूरी दुनिया सुनती है। उन्हांने कहा कि देश नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज पांचवीं

अर्थव्यस्था बन गया है और जल्द ही भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र के जसवंत नगर विधानसभा में सपा प्रत्याशी डिंपल यादव के समर्थन में जनसभा की। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय सचिव शिवपाल सिंह यादव भी मौजूद रहे। जनसभा में सपा प्रमुख ने भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि कोरोना के समय आपदा में अवसर का नारा देने वाले लोगों की पोल खुल गई है।

उन्होंने दावा किया कि कोरोना वैक्सीन बनाने वाली कंपनी से भी भाजपा के लोगों ने चंदा लेकर लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ होने दिया। श्री यादव ने कहा कि आज हर विभाग में आउटसोर्सिंग से भर्ती हो रही है और जो भर्ती सरकार कर रही है, उनके पेपर लीक करवा रही है। देश महंगाई से परेशान है, यही वजह है कि सबने इस सरकार को हटाने का मन बना लिया है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव शुक्ला ने कहा है कि अब तक के चुनावों में इंडिया गठबंधन देश के कई राज्यों में बहुत आगे है और यूपी में चौकाने वाले परिणाम नज़र आएंगे। आज लखनऊ स्थित कांग्रेस प्रदेश कार्यालय में एक प्रेसवार्ता के दौरान श्री

शुक्ला ने सरकार के कामों पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए कहा कि सरकार को सभी विषयों पर जवाब देना चाहिए।

————————

प्रदेश की चौदह लोकसभा सीटों पर होने वाले पांचवें चरण के लोकसभा चुनाव को लेकर नामांकन की प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में लखनऊ लोकसभा क्षेत्र से आज इंडिया गठबंधन से समाजवादी पार्टी प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा नामांकन दाखिल किया। नामांकन से पहले उन्होंने प्रदेश कार्यालय से नामांकन जुलूस निकाला। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल समेत कई बड़े नेता मौजूद रहे। वहीं मोहनलालगंज सीट से इंडिया गठबंधन से सपा प्रत्याशी आर.के. चौधरी ने अपना नामांकन दाखिल किया। उनके साथ पूर्व मंत्री अभिषेक मिश्रा मौजूद रहे।

फतेहपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति ने आज अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन में प्रमुख रूप से उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, कबिनेट मंत्री राकेश सचान समेत अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे। फैजाबाद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह ने आज नामांकन दाखिल किया। नामांकन से पहले उन्होंने रोड–शो किया, जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शामिल हुए। वहीं

कौशाम्बी में आज भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर ने अपना नामांकन दाखिल किया।

हमीरपुर में आज राष्ट्रवादी जन आधार पार्टी के प्रत्याशी संजीव कुमार, राष्टोय बुंदेलखंड विकास पार्टी के पारस सिंह और राष्ट्र उदय पार्टी के बृजेश कुमार पाल समेत एक निर्दलीय प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

प्रदेश की चौदह लोकसभा सीटों पर होने वाले पांचवें चरण के लिये नामांकन की अंतिम तारीख तीन मई है और 6 मई तक प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकेंगे। इस चरण के लिये 20 मई को मतदान होगा।

—————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

——————————

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिये प्रदेश की चौदह सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में बस्ती से भाजपा प्रत्याशी हरीश द्विवेदी ने भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर की मौजूदगी में अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन से पूर्व श्री ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोग जाति के नाम पर देश को बांटने में लगे हैं और हम सबका साथ सबका विकास के मूलमंत्र से चलते हैं। इससे पहले श्री ठाकुर ने अयोध्या पहुंचकर रामलला के दर्शन भी किये।

सुल्तानपुर से भाजपा प्रत्याशी वर्तमान सांसद मेनका गांधी ने आज अपना नामांकन दाखिल किया। उनके साथ प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद और आशीष पटेल मौजूद रहे। नामांकन जुलूस के दौरान नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। अयोध्या–प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग से सांसद मेनका गांधी ने विशाल रोड शो निकला, जिसमें हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। मीडिया से बात करते हुए मेनका गांधी ने कहा कि भाजपा सरकार ओबीसी और एससी के आरक्षण में किसी भी प्रकार का परिवर्तन करने के पक्ष में नहीं है। विपक्ष इस तरह के बयान देकर देश के लोगों को भ्रमित कर रहा है।

इसके अलावा इलाहाबाद संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी और फूलपुर सीट से पार्टी प्रत्याशी प्रवीण पटेल ने अपना पर्चा दाखिल किया। दोनों प्रत्याशियों के नामांकन जुलूस में पार्टी के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शामिल हुए। वहीं आजमगढ़ लोकसभा सीट पर आज भाजपा प्रत्याशी दिनेश लाल यादव निरहुआ और इंडिया गठबंधन से सपा प्रत्याशी धर्मेन्द्र यादव ने अपना नामांकन किया। इसके अलावा जिले की लालगंज लाकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी नीलम सोनकर और गठबंधन से सपा प्रत्याशी दरोगा प्रसाद सरोज ने अपना पर्चा जमा किया। इस मौके पर भाजपा प्रदश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने जनता से पार्टी प्रत्याशियों को जिताने की अपील की। इसके अलावा डुमरियागंज लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी जगदम्बिका पाल ने और जौनपुर लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशी श्रीकला रेड्डी ने नामांकन किया।

छठे चरण में प्रदेश की सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अम्बेडकर नगर, श्रावस्ती, डुमरियांगंज, बस्ती, संतकबीरनगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर और भदोही लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार 6 मई तक अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे और मतदान 25 मई को होगा।

—————————

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के इलाकों के विभिन्न स्कूलों में बम की धमकी से संबंधित ईमेल को अफवाह करार दिया है और अभिभावकों तथा छात्रों से न घबराने का आग्रह किया है। मंत्रालय ने कहा है कि दिल्ली पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां मामले में जरूरी कदम उठा रही हैं। दिल्ली पुलिस ने जानकारी दी है कि अभी तक तलाशी में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है और जांच जारी है। दिल्ली एनसीआर के कई स्कूलों को आज सुबह बम की धमकी का ईमेल मिला था।

---

प्रदेश भर में आज मई दिवस मनाया जा रहा है। इस मौके पर श्रमिक संगठनों द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से भारत के निर्माण में दिन–रात लगे श्रमिकों की भूमिका को याद किया जाता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मई दिवस पर श्रमिकों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने सोशल पर संदेश के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण में लगे श्रमिक बंधुओं को मई दिवस की शुभकामनाएं दी हैं।

(समाप्त)